कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0, पी0एम0जी0एस0वाई0 पिथौरागढ़।

फोन / फैक्स नं0 05964-226685 ई-मेलः- eepmgsypithoragarh1@rediffmail.com

पत्रांक 677 / 03 पी0एम0जी0एस0वाई0 दि0 23-10-2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

**विषयः-** जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित बड़ावे-धारी-बेल्तड़ी मोटर मार्ग के किमी0 10.00 से क्वारबन तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.867 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।(Online Proposal No.: FP/UK/ROAD/35678/2018)।

**सन्दर्भः-** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक-8बी./यू.सी.पी./06/56/2019/ एफ0सी0/1349 दिनांक 20.09.2019।

--------

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा निर्देशित किया गया है कि "मुख्य ग्राम क्वारबन से आगे मोटर मार्ग बढाया जाना औचित्यपूर्ण प्रतीत नही होता है। अतः राज्य सरकार भू-संदर्भित डिजिटल मानचित्र के बिन्दु कं0 14 तक ही मार्ग निर्माण का पुनरीक्षित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।" उक्त के क्रम सानुरोध अवगत कराना है कि डिजिटल मानचित्र के बिन्दु क्र0 14 से आगे उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के अंतिम बिन्दु सागर, जोकि क्वारबन का ही एक तोक है, तक मो0मा0 की लम्बाई 1.825 किमी0 है। तोक सागर की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार है कि यहां निवास कर रहे लोगों को किसी भी दिशा में जाना हो तो लगभग 1.5 किमी0 की खडी चढ़ाई चढनी पड़ती है। जिस कारण किसी दुर्घटना से चोट लगने, गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय ले जाने एवं चलने में असमर्थ बीमार व्यक्तियों को लाने-ले-जाने का एक मात्र साधन डोली ही है।

पी0एम0जी0एस0वाई0 के मानकों के अनुसार पर्वतीय क्षेत्र में 1.5 किमी0 परस्पर दूर स्थित बसावटों को जोडकर क्लस्टर बनाते हुए बारहमासी सडक से संयोजकता प्रदान करने का प्रावधान है। सागर तोक जो कि क्वारबन का ही हिस्सा है लगभग 1.5 किमी0 पैदल दूरी पर है। अतः मोटर मार्ग को अंतिम बिन्दु सागर तक निर्मित करना उचित एवं न्यायसंगत रहेगा। यदि मोटर मार्ग को सागर तोक तक नहीं निर्मित किया जाता है, तो क्वारबन को पूरी तरह से संयोजित नही माना जायेगा। मो0मा0 के प्रारंभिक बिन्दु से मो0मा0 के बिन्दु क्र0 14 तक 2.80 किमी0 की लम्बाई है, जिसमें 0.420 किमी0 लम्बाई में नापभूमि एवं 2.340 किमी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि है एवं क्वारबन के बिन्दु क्र0 14 से सागर तोक तक मोटर मार्ग की लम्बाई 1.825 किमी0 है जिसमें 0.535 किमी0 लम्बाई में नापभूमि एवं 1.290 किमी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि है। अवगत कराना है कि सागर तोक तक मो0मा0 की मांग ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रबल रूप से की जा रही है। यह भी सूचनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के पत्र संख्या पी-17024/24/2017(TMS-355978) दिनांक 25.04.2018 द्वारा लम्बाई 4.625 किमी0 हेतु लागत रू0 275.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित मो0मा0 को बिन्दु क्र0 14 से आगे समरेखण के अनुसार अंतिम बिन्दु सागर तक निर्मित करने की अनुमति प्रदान कराने की कृपा करें।

भवदीय,

23/10/19

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0,
पिथौरागढ़।

Scanned by CamScanner

सेवा में
श्रीमान अधिशासी अभियन्ता महोदय
पी० एम० जी० एस० वाई पिथौरागढ़
जिला - पिथौरागढ़

50 PMGSY

विषय:- बड़ाले, धारी बेलतड़ी 10 किलोमीटर से आगे ग्राम पंचायत क्वारबनक्वालोक सागर तक स्वीकृत मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि ग्राम पंचायत क्वार वन को स्वीकृत 4.6 किलोमीटर क्वारवन का तोक सागर तक स्वीकृत है।

महोदय सागर तोक से क्वारवन तक दूरी 1/2 किलोमीटर है। तोक सागर की भौगोलिक स्थिति इतनी विकट है कि यहाँ निवास कर रहे लोगों को चार दिशाओं से किसी भी दिशा को जाना हो 1/2 से 2 किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़नी ही पड़ती है। महोदय किसी प्रकार की दुर्घटना से चोट लग जाने, गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना हो। बिमार व्यक्ति चलने में असमर्थ व्यक्ति हो उनको लाने लेजाने का एक मात्र उपाय डोली ही है।

Call to Sri Hemraj AE for necessary action. 04/10
E.E.

महोदय हमारी लोकप्रिय सरकार का नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हर व्यक्ति तक मेडीकल सुविधा पहुँचे ऐसे विकट भौगोलिक परिस्थिति में निवास कर रहे लोगों को यातायात सुविधा न मिले तो लुभावने नारों का क्या औचित्य रह जाता है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
508
07/10/2019

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि सागर तोक के निवासियों की परेशानियों के मध्यनजर रख तोक सागर तक ले हुये ग्राम पंचायत क्वारवन की तोक सागर तक मोटर मार्ग निर्माण करवाने की महान कृपा कीजियेगा। आपकी अति कृपा होगी।

भवदीय
समस्त सागर तोक निवासी

सुनील सिंह
T Rawat
शोभा रावत
होशियार सिंह
दीपा रावत
पुष्कर सिंह
R.T.O

Scanned by CamScanner

Singh

लीला देवी

रमेश सिंह

TARA Singh RAWAT

वीर सिंह रावत

पारवती देवी

अर्जुन सिंह

जयन्ती देवी

DEEPA DAVI

हीरा रावत

हीरा देवी

P.S RAWAT

Mamta Davi

Rawat

जानकी देवी

Uttam Rawat

Geeta Davi

हेमा देवी

बिन्द्रा देवी

[illegible]

लक्ष्मी देवी

तेज सिंह

राजेन सिंह

सुरेश सिंह

लक्ष्मण सिंह

राजेन्द्र सिंह रावत

कमला देवी

इनो देवी

दुर्गा देवी

कनमती देवी

मोन सिंह

दलीप सिंह

नवीन सिंह

विक्रम सिंह

शोभा रावत

सुन्दर सिंह

होशियार सिंह

कौशल्या देवी

[illegible] सिंह

सुनिता देवी

Scanned by CamScanner